Ans. (d) : अजयराज का उत्तराधिकारी अर्णोराज चौहान वंश का महत्वपूर्ण शासक था। इसने अपने शासनकाल के प्रारंभ में गजनवी आक्रमण को खदेडा। इसने चालुक्य नरेश जयसिंह सिद्धराज की पुत्री से विवाह किया। बिजौलिया लेख से पता चलता है कि अर्णोराज ने मालवा पर आक्रमण कर परमार नरेश नरवर्मन को पराजित किया। अर्णोराज अजमेर में आनासागर झील एवं पुष्कर में वराह मंदिर का निर्माण करवाया अन्त में वह अपने पुत्र जगदेव के द्वारा मारा गया।

305. अजमेर के किस चौहान शासक ने शासक बनने के लिये अपने पिता की हत्या की?

(a) अर्णोराज (b) विग्रहराज चतुर्थ
(c) पृथ्वीराज प्रथम (d) जग्गदेव

अन्वेषक सीधी भर्ती परीक्षा 2019 (Ex. Dt. 27-12-2020)

Ans. (d) अजमेर के शासक जग्गदेव ने अपने पिता अर्णोराज की हत्या कर गद्दी पर बैठा परन्तु शीघ्र ही उसके छोटे भाई विग्रहराज चतुर्थ ने गद्दी पर कब्जा कर लिया। विग्रहराज चतुर्थ ने हरिकेल नामक नाटक की रचना संस्कृत भाषा में की थी।

306. विग्रहराज रचित रचना 'हरकेली' है–

(a) नाटक (b) उपन्यास
(c) काव्य (d) अभिलेख

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (a) चौहान राजा विग्रहराज चतुर्थ (1153-1163ई. के द्वारा रचित 'हरकेली' एक प्रसिद्ध 'नाटक' है जो संस्कृत भाषा में है। इस प्रसिद्ध नाटक में एक राजकुमारी देसलदेवी तथा एक राजा हम्मीर के मध्य प्रेम को दर्शाया गया है।

307. किस चौहान शासक द्वारा 'जवालिपुर' को 'ज्वालापुर' परिवर्तित किया गया?

(a) जग्गदेव (b) विग्रहराज-IV
(c) देवदत्त (d) अरणोराज

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (b) चौहान शासक बीसलदेव विग्रहराज चतुर्थ ने 'जवालिपुर' को परिवर्तित कर 'ज्वालापुर' कर दिया था। विग्रहराज चतुर्थ चौहान वंश का प्रतापी राजा था। उसने तोमर शासक तंवर को पराजित कर ढिल्लिका (दिल्ली) पर अधिकार कर लिया था। यह एक विद्वान शासक भी था। उसने हरिकेलि नाटक की रचना की थी। ये 'कवि बांधव' के नाम से भी प्रसिद्ध थे।

308. किस चौहान शासक ने 1192 A.D. में तराइन का दूसरा युद्ध लड़ा?

(a) अजयपाल चौहान (b) पृथ्वीराज चौहान III
(c) अर्णोराज चौहान (d) विग्रहराज चौहान IV

Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019
कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) : 1192 ई. में तराइन का दूसरा युद्ध चौहान वंशीय शासक पृथ्वीराज III (रायपिथौरा) और मुहम्मद गौरी के मध्य तराइन के मैदान में हुआ था। इस युद्ध में मुहम्मद गौरी ने पृथ्वीराज III को पराजित किया था।

309. 'बारा कोटड़ी' के नाम से कौन-सा राज्य प्रसिद्ध था?

(a) आमेर (b) भीनमाल
(c) सिरोही (d) कोटा

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022
JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (a) ''बारा कोटड़ी'' के नाम से आमेर का राज्य प्रसिद्ध था। पृथ्वीराज के पुत्र सांगा ने सांगनेर नामक कस्बा बसाया था। आमेर के इस शासक ने बारह कोठरी नामक व्यवस्था का निर्माण किया।

310. चन्दनराज की रानी ''रूद्राणी'' जो पुष्कर में प्रतिदिन एक हजार दीपक जला कर भगवान महादेव की उपासना करती थी, किस वंश से सम्बन्धित थी?

(a) आबू के परमार (b) गुजरात के सौलंकी
(c) जयपुर के कछवाहा (d) शाकम्भरी के चौहान

RPSC-2022

Ans. (d) : चन्दनराज अजमेर/सांभर के चौहान शासक थे, इनकी पत्नी 'रूद्राणी' (आत्मप्रभा) पुष्कर झील में 1000 दीप जला कर भगवान शंकर की पूजा करती थी। पुष्कर में ही ब्रह्म जी का मंदिर है।

311. किस चौहान रानी ने अपने नाम के सिक्के चलवाये?

(a) कर्पूर देवी (b) सायरी देवी
(c) सोमल देवी (d) सायली देवी

RPSC G.K. & Agronomy 29.08.2022

Ans. (c) : 13वीं शताब्दी के शाकम्भरी की चौहान वंशी रानी सोमला देवी या सोमलेखा देवी ने अपने नाम के सिक्के चलवाये थे। लेखा राजा अजयराज की पत्नी थी।

312. निम्नलिखित चार चौहान शासकों को अनुसार व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिए गये गूटों में से सही उत्तर चुनियेः

(1) विग्रहराज -IV (2) सोमेश्वर
(3) पृथ्वीराज -II (4) पृथ्वीराज - III

कूट :

(a) (3), (4), (1), (2) (b) (3), (2), (1), (4)
(c) (1), (2), (3), (4) (d) (1), (3), (2), (4)

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) भर्ती परीक्षा-2019
वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक 19.06.2022

Ans. (d) चौहान वंश के शासकों का क्रम है- विग्रहराज चतुर्थ-पृथ्वीराज द्वितीय-सोमेश्वर-पृथ्वीराज तृतीय-गोविंदराज चतुर्थ-हरिराज

313. चौहान राजवंश के निम्नलिखित शासकों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिएः

1. पृथ्वीराज -III 2. अजयराज
3. अर्णोराज 4. विग्रहराज IV

कूट :

(a) 1, 3, 2, 4 (b) 1, 4, 2, 3
(c) 2, 3, 4, 1 (d) 2, 3, 1, 4

पटवार 2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-III

Ans. (c) चौहान या चाह्मण वंश के शासकों ने 7वीं से 15वीं शताब्दी तक वर्तमान राजस्थान, गुजरात और समीपवर्ती क्षेत्रों में शासन किया। कालक्रमानुसार चौहान वंश-
(i) अजयराज (1105 ई. -1133 ई. लगभग)
(ii) अर्णोराज (1133 ई. - 1155 ई. लगभग)
(iii) विग्रहराज IV (1158 ई. - 1163 ई. लगभग)
(iv) पृथ्वीराज III (1177 ई. - 1192 ई. लगभग)

314. पृथ्वीराज चौहान तृतीय का समकालीन चन्देल शासक कौन था?

(a) जयचन्द (b) महेन्द्र वर्मा
(c) परमर्दि देव (d) यशोवर्मा

Lab Assistant (Home Science)-30.06.2022